संपादकीय

ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के दावे और सवाल रविवार को एक बार फिर से उठ खड़े हुए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया में मुंबई की एक खबर-जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुंबई उत्तर पश्चिम लोक सभा सीट से शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार ने चार जून को मतगणना के दौरान एक मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था जो ईवीएम से जुड़ा हुआ था-का हवाला देते हुए ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। हालांकि चुनाव आयोग ने मोबाइल से लिंक के दावे को खारिज कर दिया है, और फिर से स्पष्ट किया है कि ईवीएम स्वतंत्र प्रणाली है, और इसमें सुरक्षा के मजबूत उपाय हैं।

राहूल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के चेयरमैन एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के एक पोस्ट का हवाला भी दिया जिसमें मस्क ने दावा किया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ का खतरा बहुत अधिक है। उनका कहना है कि ईवीएम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हैक किया जा सकता है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है, और किसी को भी उसकी जांच की अनुमति नहीं है।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की है। बहरहाल, इस प्रकार ईवीएम पर सवाल उठाया जाना कोई नई बात नहीं है। काफी समय तक ईवीएम को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष के बीच तकरार रही। मामला अदालत में भी पहुंचा। अदालत ने स्पष्ट फैसला देकर इस विवाद का अंत कर दिया था।

लेकिन नये घटनाक्रम के बाद प्रतिपक्ष ईवीएम को फिर से संदेह के घेरे में लाने को प्रेरित हुआ है। उसे चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जतलाने, बल्कि कहें कि चुनाव में धांधली की आशंका जताने का मौका भी मिल गया है। प्रतिपक्ष चुनाव से जुड़ी संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है, और जवाबदेही के अभाव में लोकतंत्र के दिखावा भर रह जाने की बात कह रहा है। ईवीएम को लेकर एक बार फिर से सियासी घमासान छिड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है। जब ईवीएम को लेकर शक-संदेहों का चुनाव आयोग अपने स्तर पर निराकरण कर चुका है, अदालत ने भी व्यवस्था दे दी है, और सबसे बड़ी बात कि विपक्ष ईवीएम के जरिए चुनावी जीत को सहज लेता है, तो भी शक-संदेह जताना उसकी अपरिपक्वता दिखाता है।

टी-20 विश्व कप 2024: भारत बनाम अफगानिस्तान मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और आंकड़े

नईदिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 के 43वें मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से 20 जून को होगा। यह दोनों टीमों का सुपर-8 का पहला मुकाबला होगा।भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज के सभी चारों मैच में जीत दर्ज की है। हालांकि, उनके सामने अफगानिस्तान की कठिन चुनौती होगी।राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम ने अपने ग्रुप में 3 मैच जीते थे।

टी-20 क्रिकेट में भारत और अफगानिस्तान के बीच 8 मुकाबले खेले गए हैं। भारतीय टीम को इस दौरान 7 मैच में जीत मिली है और 1 मुकाबले में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।अफगानिस्तान की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। टी-20 विश्व कप में ये दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी।आखिरी बार साल 2023 में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था। उसे भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीता था।

अब तक इस विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय टीम अपने प्लेइंग इलेवन में बड़ा बदलाव नहीं करना चाहेगी। हालांकि, टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की फॉर्म अभी भी चिंता का विषय है।रिपोर्ट्स हैं कि कुलदीप यादव को खेलने का मौका मिलेगा।संभावित एकादश: रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रविंद्र जडेजा/कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज।

अफगानिस्तान को अपने पिछले मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ करारी हार मिली थी। ऐसे में वह इस प्रदर्शन को भूलाकर भारतीय टीम को कड़ी टक्कर देना चाहेंगे।एक बार फिर टीम के गेंदबाजों पर दारोमदार होगा। बेहद संतुलित नजर आ रही अफगानी टीम रहमानुल्लाह गुरबाज से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।संभावित एकादश: रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नईब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, नजीबुल्लाह जादरान, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नूर अहमद, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी।

गुरबाज टी-20 विश्व कप 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 4 मैच में 41.57 की औसत और 150.45 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं।इब्राहिम के बल्ले से 4 मैच में 38 की औसत से 152 रन निकले हैं।सूर्यकुमार ने पिछले 7 मैच में 136.41 की स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए हैं।फारूकी ने पिछले 9 मैच में 18 विकेट, वहीं अर्शदीप के नाम पिछले 8 मैच में 13 विकेट है।

विकेटकीपर: ऋषभ पंत और रहमानुल्लाह गुरबाज।बल्लेबाज: रोहित शर्मा (कप्तान) और विराट कोहली। **ऑलराउंडर्स:** अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या।गेंदबाज: जसप्रीत बुमराह, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह (उपकप्तान) और फजलहक फारूकी।भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 20 जून को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।इस मैच को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

अमेरिका में अमेजन को झटका, श्रम कानूनों का उल्लंघन करने पर 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगा

न्यूयॉर्क

ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन पर अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने के लिए लगभग 60 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। कैलिफोर्निया के इंडस्ट्रियल रिलेशंस डिपार्टमेंट ने एक बयान में कहा कि अमेजन ने कर्मचारियों को काम के कोटा के बारे में लिखित सूचना नहीं दी। वेयर हाउस कोटा कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है।

बयान के अनुसार, नियोक्ता ने तर्क दिया कि उन्हें कोटा प्रणाली की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे सहकर्मी से सहकर्मी मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग करते हैं। कानून के अनुसार वेयरहाउस नियोक्ताओं को कर्मचारियों को प्रति घंटे किए जाने वाले कार्यों की संख्या और कोटा पूरा न करने पर होने वाली किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी देनी होती है।

श्रम आयुक्त लिलिया गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अमेज़ॅन इन दो गोदामों में जिस सहकर्मी से सहकर्मी प्रणाली का उपयोग कर रहा था, वह ठीक उसी तरह की प्रणाली है, जिसे रोकने के लिए वेयर हाउस कोटा कानून बनाया गया था। गार्सिया-ब्रोवर ने कहा, अघोषित कोटा कर्मचारियों पर तेजी से काम करने का दबाव बढ़ाता है और कर्मचारियों को ब्रेक छोडऩे के लिए मजबूर करके चोट लगने की दर और अन्य उल्लंघनों को बढ़ा सकता है। श्रम आयुक्त कार्यालय ने 22 सितंबर 2022 को अपना प्रारंभिक निरीक्षण शुरू किया। जांच में पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 से 9 मार्च 2024 तक मोरेनो वैली और रेडलैंड्स गोदामों में नियमों के 59,017 उल्लंघन हुए।

ग्लोबल फंड्स ने भारतीय बॉन्ड में निवेश किए 83,000 करोड़ रुपए

नई दिल्ली । विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड्स में जमकर निवेश कर रहे हैं। ये निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है जब इस महीने के अंत में भारतीय बॉन्ड्स को ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जाना है। पिछले वर्ष सितंबर से अब तक भारतीय बॉन्ड्स में 10 अरब डॉलर (करीब 83,360 करोड़ रुपये) से ज्यादा का निवेश आ चुका है। जेपी मॉर्गन की घोषणा के मुताबिक, भारतीय बॉन्ड्स को उभरते हुए बाजारों की बॉन्ड इंडेक्स में 28 जून से शामिल किया जाना है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्लोबल फंड्स की ओर से 18 जून तक करीब 7,350 करोड़ रुपये (881 मिलियन डॉलर) का निवेश भारतीय बॉन्ड मार्केट में किया जा चुका है। ये आंकड़ा मई में 5,200 करोड़ रुपये पर था। हालांकि, अप्रैल में उनकी ओर से करीब 9,830 करोड़ रुपये की बिकवाली बॉन्ड मार्केट में की गई थी। भारतीय बॉन्ड मार्केट में आ रहा निवेश बॉन्ड यील्ड को कम रखने में ऐसे समय पर मदद कर रहा है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की गठबंधन सरकार केंद्र में बनी है।

केन विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी, केंद्रीय अनुबंध भी ठुकराया

नईदिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। टीम सुपर-8 में भी नहीं पहुंच पाई। ऐसे में सफेद गेंद की क्रिकेट में कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और इसी के साथ केंद्रीय अनुबंध भी ठुकरा दिया है।विलियमसन टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके हैं। हालांकि, वह तीनों प्रारूप खेलते हुए नजर आएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि विलियमसन अगले 8 टेस्ट मुकाबले खेलते नजर आएंगे। ये सभी मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे।इसके अलावा वह पाकिस्तान की सरजमीं पर अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी न्यूजीलैंड के लिए बतौर बल्लेबाज खेलते नजर आ सकते हैं।केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाडिय़ों को घरेलू टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहना होगा, विलियमसन ऐसा नहीं चाहते। विलियमसन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे सफल कप्तान हैं। उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी की है।उन्होंने 75 मैच में कप्तानी की और 39 मुकाबलों में न्यूजीलैंड को जीत और 34 मैच में हार का सामना करना पड़ा। 2 मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया।उन्होंने इन 75 मुकाबलों में 33.64 की औसत और 122.95 की स्ट्राइक रेट से 2,153 रन बनाए। उनके बल्ले से 16 अर्धशतक निकले। वनडे क्रिकेट में विलियमसन न्यूजीलैंड के दूसरे सबसे सफल कप्तान हैं। पहले स्थान पर स्टीफन फ्लेमिंग (218) हैं।विलियमसन ने 91 मैच में कप्तानी की है। 46 मैच में टीम को जीत और 40 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा और 4 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।इन 91 मैचों में इस खिलाड़ी ने 51.35 की औसत से 4,057 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 शतक और 28 अर्धशतक निकले हैं। अपने शुरुआती दोनों मैच गंवाने वाली न्यूजीलैंड टीम ग्रुप-सी में तीसरे पायदान पर रही। कीवी टीम को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 84 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था।इसी तरह वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने दूसरे मैच में भी उसे 13 रनों की हार झेलनी पड़ी थी।न्यूजीलैंड ने इसके बाद लगातार 2 मुकाबलों में युगांडा क्रिकेट टीम और पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

फोनपे पेमेंट गेटवे ने शुरू किया रेफरल प्रोग्राम

नई दिल्ली

फोनपे पेमेंट गेटवे (पीजी) ने फोनपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम के नाम से एक रेफरल कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। इसे उन कारोबारियों के लिए डिजाइन किया गया है जो ऑनलाइन कारोबार को आगे बढ़ाने में अपने क्लाइंट की मदद करना चाहते हैं।

रेफरल पार्टनर के रूप में वे अपने क्लाइंट के रेफरेंस दे सकते हैं ताकि वे ग्राहकों से ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू करें और अपने कारोबार को आगे बढ़ायें। इसके लिए उन्हें इंडस्ट्री के मानकों के हिसाब से अच्छे कमीशन की पेशकश की गई है। हर ट्रांजेक्शन के साथ उनकी रेफेरल से होने वाली आमदनी भी बढ़ती जाएगी।

फोनपे पेमेंट्स गेटवे एंड ऑनलाइन मर्चेंट्स के प्रमुख अंकित गौड़ ने कहा, फोनेपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम की लॉन्चिंग के साथ हम अत्याधुनिक भुगतान समाधान और भागीदारी के लिए रिवॉर्ड देकर कारोबारियों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

उन्होंने कहा, हमने लॉन्चिंग के बाद से ही हमारे रेफरल प्रोग्राम को अपनाये जाने के मामले में 10 गुना वृद्धि देखी है। इस पहल के साथ हम अत्याधुनिक फिनटेक समाधान के साथ मर्चेंट को सशक्त बनाने और उनके ऑनलाइन कारोबार की सफलता को और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

पीजी रेफरल प्रोग्राम की शुरुआत अहमदाबाद में एक भव्य कार्यक्रम में की गई। इसमें गौड़ ने कई सत्रों का नेतृत्व किया जो जानकारियों के आदान-प्रदान पर केंद्रित थे। संभावित रेफरल पार्टनरों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और ऑनलाइन विकास को बढ़ावा देते समय कारोबारियों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के बारे में बताया।

फोनपे पीजी पार्टनर प्रोग्राम से जुडक़र कारोबारी अपने मर्चेंट को श्रेणी विशेष में सबसे बेहतर भुगतान समाधान प्रदान कर सकते हैं। इस सहयोग से विश्वसनीयता बढ़ती है और कारोबारी अपने क्लाइंट के पसंदीदा वेंडर बनकर विश्वास बना सकते हैं और कारोबार का विस्तार कर सकते हैं।

आरबीआई गवर्नर ने कहा, अप्रैल-जून तिमाही में विकास दर 7.2 प्रतिशत से ज्यादा रहने का अनुमान

मुंबई



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई है कि पिछले वित्त वर्ष की मजबूत विकास दर चालू वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-जून तिमाही में भी मजबूत विकास दर जारी रहेगी। इसे अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद से बल मिलेगा।

दास ने मंगलवार को एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, हमें इस बात को लेकर काफी उम्मीद है कि हमने इस साल की पहली तिमाही के लिए जो अनुमान लगाया है -- 7.2 प्रतिशत का, हम उससे आगे 7.3 प्रतिशत पर चले जाएंगे।

दास ने यह भी कहा कि निजी खपत में सुधार हो रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि क्षेत्र में मजबूत वृद्धि के कारण ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान लगाया है, जिसके चलते खरीफ उत्पादन में वृद्धि होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने 7 जून को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी का अनुमान पहले के अनुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था।

गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और अंतिम तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना है।

अक्षय कुमार की सरफिरा का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार इस साल भी अपनी कई फिल्मों से सबका मनोरंजन करने की तैयारी में हैं।आखिरी बार बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ के साथ दिखे अक्षय अब अपनी दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज की तैयारियों में जुट गए हैं।जिस दिन से फिल्म का ऐलान हुआ था उसी दिन से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था। यह इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि ट्रेलर ने यूट्यूब पर दस्तक दे दी है।

सामने आए सरफिरा के ट्रेलर में अक्षय को एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाते देखा जा रहा है, जो आम लोगों के लिए कम दामों में हवाई यात्रा करना संभव करना चाहता है। वह ऐसा करने के लिए अपनी एयरलाइन शुरू चाहता है।इस संकल्प को पूरा करने के लिए अक्षय को राजनेताओं के ऑफिस में चक्कर काटने से लेकर कई तरह की मुश्किलों का सामना करते दिखाया गया है।अक्षय इस जुझारू किरदार में काफी प्रभावित कर रहे हैं।

अक्षय और राधिका मदान अभिनती सरफिरा दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू की आधिकारिक हिंदी रीमेक है।फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा कर रहे हैं। सुधा ने ही सोरारई पोटरू का निर्देशन किया था और उन्हें इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया था।सरफिरा में राधिका और अक्षय के अलावा परेश रावल और सीमा बिस्वास भी अहम भूमिकाओं में हैं।

अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था का पहला गाना तू हुआ रिलीज

अजय देवगन और तबू की ऑनस्क्रीन जोड़ी को फैंस बेहद पंसद करते हैं दोनों ने कई ब्लॉकबस्टर फिलमों में साथ काम किया है. वहीं अब अजय और तबू रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'औरों में कहां दम था' साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है. इस मूवी के पोस्टर और ट्रेलर ने पहले ही फिल्म के लिए फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाया हुआ है वहीं अब मेकर्स ने आज 'औरों में कहां दम था' का पहला गाना भी रिलीज कर दिया है. गाने में लीड जोड़ी के साथ ही शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर की फ्रेश जोडी नजर आ रही है.

औरों में कहां दम था के मेकर्स ने फाइनली अपकमिंग फिल्म की एल्बम से पहला गाना 'तू होली के रंगों जैसी तू...'रिवील कर दिया है.

सुख-चैन छीन सकती है स्मार्टफोन की लत, शरीर बन जाएगा बीमारियों का घर

जिस तरह स्मार्टफोन में हम दिन-रात खोए हैं, उससे सेहत को गंभीर और खतरनाक नुकसान पहुंच रहा है. कई रिसर्च में पता चला है कि लगातार फोन का इस्तेमाल या मोबाइल फोन के बिना एक पल भी न रह पाना नोमोफोबिया नाम की बीमारी हो सकती है. यह इतना खतरनाक है कि शरीर को बीमारियों का घर बना सकता है. नामोफोबिया स्मार्टफोन की लत को कहते हैं. दुनियाभर में हुए एक सर्वे में 84% स्मार्टफोन यूजर्स ने माना कि वे अपने फोन के बिना एक दिन भी नहीं गुजार सकते हैं. नोमोफोबिया का निगेटिव असर शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत पर होती है.

नामोफोबिया की वजह से होने वाली बीमारियां

1. बैक बोन पर असर- यूनाइटेड कायरोप्रेक्टिक एसोसिएशन के अनुसार, लगातार फोन चलाने से कंधे और गर्दन झुक जाते हैं, जिसकी वजह से रीढ़ की हड्डी पर बुरा असर पड़ता है.

2. फेफड़ों की समस्या- लगातार फोन चलाने से गर्दन झुक जातीहै, जिसकी वजह से शरीर को पूरी या गहरी सांस लेने में दिक्कत होने लगती है. इसका फेफड़ों की सेहत पर असर पड़ता है.

3. टेक्स्ट नेक की प्रॉब्लम - फोन की स्क्रीन पर लगातार नजरें गड़ाए रखने से गर्दन के दर्द होने लगती है. जिसे टेक्स्ट नेक कहते हैं. लगातार टेक्स्ट मैसेज भेजने और वेब ब्राउजिंग करने वालों में ये समस्या ज्यादा देखने को मिलती है.

4. कंप्यूटर विजन सिंड्रोम - अमेरिकी विजन काउंसिल के सर्वे में पाया गया है कि 70% लोग स्मार्टफोन की स्क्रीन देखते समय अपनी आंखें सिकोड़ते हैं, जो आगे चलकर कंप्यूटर विजन सिंड्रोम बन जाता है. इसमें आंखों में सूजन और धुंधला नजर आने की समस्या होती है.

5. किडनी फेल हो सकती है- एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में करीब 75% लोग अपना स्मार्टफोन बाथरूम में लेकर जाते हैं. जिससे हर 6 में से 1 फोन पर ई-कोलाई बैक्टीरिया मिल सकते हैं. इस बैक्टीरिया से डायरिया फैलने और किडनी फेल होने की आशंका रहती है.

शब्द सामर्थ्य- 93

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 092 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्री
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

सू-दोकू- 93

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.092 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

आज का राशिफल

मेष : किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा।

वृषभ : भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। निकटस्थ संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मिथुन : राजनीतिज्ञ क्षेत्र के व्यक्यिों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्यों के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

कर्क : अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। नयी अभिलाषाएं मन में जागृत होगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह : वर्तमान में आपको सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक दिशा में प्रयास की नितान्त आवश्यकता है। नकारात्मक चिन्ताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

कन्या : आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

तुला : भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव। भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को कल पर न टालें।

वृश्चिक : परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

धनु : संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्यों द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

मकर : महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में अत्यधिक ब्यय के योग है। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

कुंभ : सुन्दर आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार बनेंगे। मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें।

मीन : रोजगार के क्षेत्र में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।